पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

लखनऊः 21 जून, 2024

राजभवन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन

—————

राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से 25,93,276 लोगों को योग प्रतिज्ञा दिलाकर राजभवन का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड मे दर्ज

————————

योग शपथ अभियान में राजभवन ने बनाया विश्व कीर्तिमान

————————

गिनीज वर्ल्ड के प्रतिनिधि ने राज्यपाल जी को सौंपा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र

——————————

योग शपथ अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को कुलाधिपति ने दिया प्रशस्ति पत्र

————————

खुद पर भरोसा तथा कार्य के प्रति संकल्प से पूर्ण होते हैं कार्य

—————————

सकारात्मक परिणाम के लिए साथ मिलकर कार्य करना आवश्यक
—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————————

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र एक अद्भुत तथा शानदार उपलब्धि
— प्रतिनिधि, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

————————————

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर पर 12 जून से 18 जून, 2024 तक संचालित योग शपथ अभियान में 25,93,276 लोगों द्वारा योग प्रतिज्ञा से विश्व कीर्तिमान स्थापित होने पर राजभवन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड सेरेमनी

कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि एडज्यूडीकेटर कुमारी आयनी तूरबली जी ने राज्यपाल जी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए इसे एक अद्‌भुत तथा शानदार उपलब्धि बताया तथा इस उपलब्धि के लिए गिनीज वर्ल्ड के लंदन एवं जापान स्थित कार्यालय से सराहना व्यक्त किये जाने की भी जानकारी दी। इस अवसर पर आयनी तूरबली जी ने राजभवन से मिले सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्हें राज्यपाल महोदय द्वारा स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर योग प्रतिज्ञा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। इन विश्वविद्यालयों में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्ववि‌द्यालय बरेली, लखनऊ विश्ववि‌द्यालय लखनऊ, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्ववि‌द्यालय गोरखपुर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, चौधरी चरण सिंह विश्ववि‌द्यालय मेरठ, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्ववि‌द्यालय जौनपुर, प्रो0 राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्ववि‌द्यालय प्रयागराज, डॉ भीमराव अंबेडकर विश्ववि‌द्यालय आगरा, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्ववि‌द्यालय अयोध्या एवं बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी शामिल रहे।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि जब हम किसी भी कार्य के प्रति संकल्पित होते हैं तथा खुद पर भरोसा रखते हैं तो वह कार्य संपन्न हो जाता है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक परिणाम हेतु साथ में मिलकर कार्य करना आवश्यक होता है। उन्होंने किसी भी कार्य की सफलता हेतु टीम वर्क की आवश्यकता बताई और कहा कि

टीम बनाते वक्त टीम के सदस्यों की विशेषज्ञता का भी ध्यान रखना आवश्यक होता है। राज्यपाल जी ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राज्यपाल जी ने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में शत–प्रतिशत शपथ ग्रहण किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों से उन्होंने योग दिनचर्या के बारे में जाना तथा नियमित योग करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की समस्याओं को जाने तथा उनका उचित समाधान कर उन्हें योग के माध्यम से स्वस्थ बनने हेतु प्रेरित करें।

राज्यपाल जी ने सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में अध्यनरत छात्र–छात्राओं के नियमित रूप से चिकित्सकीय जांच कराए जाने व गोद लिए गांव के प्रत्येक बेटी के एच0पी0वी0 टीकाकरण की पूरी जिम्मेदारी उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टीम बनाकर आपसी सहभागिता से कार्य करें। इस क्रम में उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपतियों से समर्थ पोर्टल के विश्वविद्यालय में क्रियान्वयन की रिपोर्ट भी ली।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे ने इस पल को एक स्वर्णिम पल एवं जीवन की स्वर्णिम यादें बताया। उन्होंने विश्व कीर्तिमान स्थापित होने का श्रेय राज्यपाल जी एवं राज्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति जी के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो0 विनय पाठक ने रिकार्ड को बनाने में आने वाली चुनौतियां, संघर्ष, प्रक्रिया व कार्यवाही से संबंधित संस्मरणों के

बारे में बताया तथा इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए पूरी टीम को बधाई दी।

इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ पंकज एल0 जॉनी, विश्वविद्यालय के कुलपतिगण तथा उनकी टीम, राजभवन के अधिकारीगण व अन्य लोग उपस्थित रहे।

राम मनोहर त्रिपाठी/सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार/ सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9454468250